NT>

Title: Need to ensure uninterrupted supply of electricity in Nasik district, Maharashtra.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, महाराट्र के नासिक जिले में बिजली संकट पैदा हो गया है। दो-तीन दिन के बाद बिजली आती है और आते ही चली जाती है। कई-कई जगहों पर खेती के लिए पानी है, लेकिन बिजली संकट के कारण खेती को पानी देना बहुत मुश्किल हो गया है। किसान हैरान हो गये हैं। उद्योग भी भारी संकट में हैं। बिजली पर नियामक भार लगा दिया गया है। किसी-किसी जगह पर दो-दो, तीन-तीन महीनों से ट्रांसफार्मर नहीं लगे हैं। बिजली केवल प्रकाश देने वाली चीज नहीं है, बल्कि यह मानवीय विकास का एक अंग बन गई है। मेरी आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री से विनती है कि केन्द्र तथा राज्य सरकार बिजली की समस्या को दूर करें।